-प्रेस नोट-

दिनांक - 13.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारान, सहारनपुर पुलिस द्वारा 02 NBW वारण्टी अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा 02 NBW वारंटी **अभियुक्तगण 1.विलाल पुत्र आशिफ निवासी मौहल्ला महल कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर सम्बन्धित परिवाद संख्या- 2482/23 धारा-138 N.I ACT में कस्बा रामपुर मनिहारान से तथा अभियुक्त 2. मनोज उर्फ गोधराज उर्फ गोधन पुत्र क्रम सिंह निवासी ग्राम इस्लामनगर थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर संबंधित वाद संख्या- 767/23 धारा- 8/20 NDPS ACT में** ग्राम इस्लामनगर से उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1. विलाल पुत्र आशिफ निवासी मौहल्ला महल कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर।
2. मनोज उर्फ गोधराज उर्फ गोधन पुत्र क्रम सिंह निवासी ग्राम इस्लामनगर थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 अनिल कुमार थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 संजय शर्मा थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर
3. है0का0 352 अरुण कुमार थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर
4. है0का0 1068 दीपक मान थाना रामपुर मनिहारान सहरापुर
5. का0 339 दीपक भारद्वाज थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर

-प्रेस नोट-

**दिनांक: 13.08.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी, पुलिस द्वारा 01शराब तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 20 पव्वे देशी शराब बरामद-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में अवैध शराब व नशे की तस्करी मे लिप्त अभियुक्तो के विरुध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2025 को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग करते समय ग्राम माजरी से तिवाये जाने वाले रास्ते से **अभियुक्त तालिब पुत्र जुल्फान निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ते के कब्जे से** 20 पव्वे महबूबा उ0प्र0 मार्का बरामद हुए। अभियुक्त के विरुध थाना गागलहेडी पर मु0अ0स0- 165/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

- तालिब पुत्र जुल्फान निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण -**

- 20 पव्वे देशी शराब महबूबा उ0प्र0 मार्का

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

(1) थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।
(2) उ0नि0 श्री देवकरण शर्मा थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।
(3) है0का0 317 सुनील कुमार थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।
(4) का0 2075 शीशपाल थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।

**दिनांक:13.08.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल बरामद कर परिजनो के किया सुपुर्द

अवगत कराना है कि दिनांक 12.08.2025 को नसीम पुत्र गफुर निवासी ग्राम सहजी थाना बडगावं जिला सहारनपुर ने थाना पर तहरीर दी थी कि दिनांक 10.08.2025 को उसका लडका मुस्तकीम उम्र 42 वर्ष घर से बिना बताये कही चला गया तथा वापस नही आया,जिस सम्बन्ध मे नसीम उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना बडगांव पर दिनांक 12.08.2025 को रपट नं0 09 समय 02.51 बजे पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में **आपरेशन मुस्कान** के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष बडगाँव श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना बडगांव पुलिस द्वारा दिनांक 13.08.2025 को गुमशुदा **मुस्तकीम पुत्र नसीम निवासी ग्राम सहजी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर** को सकुशल बरामद किया गया तथा उसके परिजन पिता नसीम, माता श्रीमती राबिया तथा भाई शौकीन के सुपुर्द किया गया। अपने पुत्र को सकुशल पाकर परिजन बहुत प्रसन्न हुए तथा थाना बडगांव पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

### गुमशुदा का नाम पता

- मुस्तकीम पुत्र नसीम निवासी ग्राम सहजी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

### बरामद करने वाली पुलिस पार्टी का नाम

- उ0नि0 श्री आलोक कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
- कां0 2545 सोनू कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 13.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा नाबालिग से कुकर्म करने के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनाक 20.07.2025 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त वसिम आदि 07 नफर द्वारा वादी की नाबालिग पुत्र के साथ कुकर्म करने के सम्बन्ध मे थाना रामपुर मनिहारान पर मु0अ0सं0-282/2025 धारा- 3ए/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)V एससटी एक्ट पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इस घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह के कुशल नेत्तृव में आज दिनांक 13.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामजद वांछित अभियुक्त **प्रवीण उर्फ कोहली पुत्र रामरतन निवासी मौहल्ला इकराम कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन सहारनपुर** को मौहल्ला इकराम कस्बा रामपुर मनिहारान के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

प्रवीण उर्फ कोहली पुत्र रामरतन निवासी मौहल्ला इकराम कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 अनिल कुमार थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर
2. है0का0 1068 दीपक मान थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर।
3. का0 339 दीपक भारद्वाज थाना रामपु मनिहारान सहारनपुर।

**दिनांकः 13.08.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी,सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10.98 ग्राम अवैध स्मैक बरामद-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु व नशे के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों के विरुध्द अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अनुपालन मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 12/08/25 कि रात्रि को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान भगवानपुर रोड पर हरियाबांस हाइवे पुल के नीचे से **अभियुक्त शहबान पुत्र गुफरान निवासी ग्राम मौहल्ला बडी मस्जिद कस्बा व थाना गागलहेडी सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 10.98 ग्राम स्मैक नाजायज बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुध्द थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0-164/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूध्द अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-**

- शहबान पुत्र गुफरान निवासी ग्राम मौहल्ला बडी मस्जिद कस्बा व थाना गागलहेडी, सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण -**

- 10.98 ग्राम स्मैक

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री राजीव कुमार गौर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।
3. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 38 सुरेन्द्र कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।
5. का0 12 टुकेश कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 13.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 नशा तस्कर /अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 16 ग्राम स्मैक नाजायज बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु व नशे के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर अभियुक्त **लारेब पुत्र जमशेद निवासी ग्राम परागपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** को **माजरी से तिवाया जाने वाले रास्ते पर ग्राम मोहद्दीनपुर कट के पास** से गिरफ्तार किया गया। जिसेक कब्जे से 16 ग्राम स्मैक नाजायज बरामद हुयी । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0-166/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-**

लारेब पुत्र जमशेद निवासी ग्राम परागपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण -**

- 16 ग्राम स्मैक नाजायज

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर ।
2. उ0नि0 श्री शिव कुमार गौर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर ।
3. उ0नि0 श्री जगवीर सिंह थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।
4. का0 2344 प्रवीण कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।

-प्रेस नोट-

दिनांक - 13.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द साइबर टीम द्वारा आनलाइन साईबर ठगी के शिकार हुए पीडित के खाते मे 35000/- रूपये की शतप्रतिशत धनराशि वापस करायी गयी।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.03.2025 को वादी श्री नरेश कुमार पुत्र दलिप सिंह निवासी असदपुर करांजली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के खाते से 350000/- रूपये आनलाईन टास्क दिलाने के नाम पर धोखाधडी करके साईबर ठगी के सम्बन्ध में थाना देवबन्द के एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत संख्या - **33103250029383** पंजीकृत की करायी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम व जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व मे थाना देवबन्द साइबर हेल्प डैस्क टीम द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में प्रभावी कार्यवाही करते हुये विधिक कार्यवाही के उपरान्त व फ्रॉड में गयी धनराशि 35000/-रूपये NSDL PAYMENT BANK में होल्ड कराये गये थे जिसमें आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त पीडित श्री नरेश कुमार के खाते में साईबर ठगी में गई पूरी धनराशि 35000/- रूपये वापस करायी गई है। पीडित द्वारा थाना देवबन्द साइबर टीम व सहारनपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

**वापस करायी गयी धनराशि-**

35000/-रूपये

**साइबर फ्रॉड में गई धनराशि बरामद कराने वाली साईबर टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर
2. निरीक्षक श्री सतेन्द्रपाल सिंह थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर
3. स0उ0नि0 (कम्प0आप0 ग्रेड-बी) रूपेन्द्र सिंह थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर

**Suggestion- किसी भी अन्जान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर न करे व भेजे गये लिंक न खोले, जालसाजो से सावधान रहे एवं किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 या WWW.CYBERCRIME.GOV.IN पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराये तथा साइबर अपराध होने पर थाना साइबर क्राइम, सहारनपुर के सीयूजी मो0न0- 7839876635 व साईबर सैल के सीयूजी नम्बर 7417754148 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त करें।**

दिनांक: 13.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये उकसाने अभियोग मे वांछित 02 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 04.07.25 वादी रवि सैनी पुत्र महावीर निवासी श्यामपुरी कालोनी धोबी घाट थाना मण्डी सहारनपुर लिखित तहरीर बाबत 1. शालू पत्नी सौरभ निवासी शेख जादगान थाना नानौता सहारनपुर 2- ममतेश पत्नी अजीत निवासी उपरोक्त 3-रोबिन पुत्र नामलूम निवासी नामालूम द्वारा वादी के भाई सौरभ को आत्महत्या के लिये उकसाने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 260/25 धारा 108/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मेंअपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री बीनू सिहं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.8.25 को मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता **1-शालू पत्नी सौरभ निवासी शेख जादगान थाना नानौता सहारनपुर 2-ममतेश पत्नी अजीत निवासी शेख जादगान थाना नानौता सहारनपुर** को उनके घर से गिरफ्तार किया गया । विवेचना के आधार पर मुकदमा उरपरोक्त मे धारा 61(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्ताओ के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्ताओ का नाम व पता –**

1- शालू पत्नी सौरभ निवासी शेख जादगान थाना नानौता सहारनपुर

2- ममतेश पत्नी अजीत निवासी शेख जादगान थाना नानौता सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 रविन्द्र सिंह नागर थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।
2. हे0का0 414 गुलनवाज थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।
3. म0का0 706 डोली थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।

**-प्रेस नोट-**

**दिनांक: 13.08.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 216 ग्राम अवैध चरस बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2025 को चैकिग व गस्त को दौरान थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा भारत गैस एजेन्सी के आगे एलस्टोम मोड के सामने रेलवे लाईन के पास से 01 नशा तस्कर/अभियुक्त फरमान उर्फ मोनू पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला भंगी चौक शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 216 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 348/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

- फरमान उर्फ मोनू पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला भंगी चौक शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण**

- 216 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री महेन्द्र सिह चौहान थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 515 राहुल कुमार थाना कोतवाली हेदात जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 1165 मोनू कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
4. का0 1501 मोहित कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

दिनांक:13.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़, सहारनपुर पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाईकिल व फर्जी नम्बर प्लेट बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 16.07.2025 को वादी श्री बिलाल पुत्र श्री याकूब निवासी ग्राम तिगरी रामगढ थाना नकुड जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बावत अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्लस नं0 UP 11 BZ 2952 चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर मु0अ0सं0 240/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, वाहन चोरी घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में शामिल शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा गस्त व चैकिंग के दौरान 01 शातरि वाहन चोर/ अभियुक्त **पंकज पुत्र जगपाल निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को अध्याना रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की एक मोटरसाईकिल हीरो सुपर स्पलैण्डर जिसका रजि0न0-UP 11 BZ 2952 व 01 फर्जी नम्बर प्लेट UP11 AW 0067 बरामद हुयी । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/318(4)/336(2) भा0न्या0सं0 की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का बयानः-** पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त पंकज उपरोक्त ने बताया कि मैं कक्षा 10 वीं तक पढा लिखा हूँ। मैने अपने ही गाँव में रहने वाले एक अन्य साथी के साथ मिलकर करीब 01 महीने पहले ग्राम तिगरी रामगढ से स्पलेण्डर मोटरसाईकिल को चोरी की थी।पुलिस द्वारा पकडे जाने के डर से मैंने चोरी की गयी मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगा रखी थी। आज जब मैं चोरी की गयी मोटरसाइकिल को बेचने जा रहा था तो पुलिस ने मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

पंकज पुत्र जगपाल निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**अभियुक्त पंकज उपरोक्त का अपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 398/2024 धारा 50/51/9 वन्य जीव संरक्षण अधि0 थाना नकुड सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

- चोरी की 01 मोटरसाईकिल हीरो सुपर स्पलैण्डर रजि0न0-UP11 BZ 2952
- 01 फर्जी नम्बर प्लेट UP11 AW 0067

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अविनाश गौतम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री अजीत सिंह थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
3. उ0नि0 श्री राहुल कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।
4. का0 1648 राहुल कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।